हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 14 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत पेयजल के महत्व पर डाला प्रकाश
2



## खबर संक्षेप

### विधानसभा सत्र के मद्देनजर अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम-विधानसभा का अष्टम सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जावेगें। जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगें।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की सामान्य सभा बैठक निरस्त

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती की सामान्य सभा की बैठक, जो कलेक्टर की अध्यक्षता में 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जानी थी, अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। बैठक की अगली तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

### नेताजी चौक पर एक्टिवा में लगी भीषण आग, जलकर खाक

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब बीच सड़क एक एक्टिवा में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते स्कूटी धू-धू कर जल उठी और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जाता है कि नेताजी चौक पर खड़ी एक्टिवा से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ, जिसके बाद कुछ ही पलों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। घटना के दौरान डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। लोगों ने आपातकालीन सेवाओं की देरी पर नाराजगी जताई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। इधर आगजनी की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ।

कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया कृषि मेले का समापन

# कृषि और संस्कृति का अदभुत संगम है जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव : खुशवंत

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव कृषि एवं संस्कृति का अद्भुत संगम है। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे। वहीं हर युवा वर्ग को कौशल विकास से जोडा जाना है। उक्त बातें प्रदेश के कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कही। वे जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

गौरतलब है कि जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का समापन शुक्रवार 13 फरवरी को हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री के गुरू खुशवंत साहेब ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर युवा वर्ग को कौशल विकास से जोडने का काम कर रही है। शासन की योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को पहुंचे। यहीं सरकार का उद्देश्य है। सरकार द्वारा जैविक उत्पाद पर भी जोर दिया जा रहा है। आधुनिकता के इस दौर में छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति को भी जोडने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे अधिक धान का समर्थन मूल्य देने वाला राज्य है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के हितों को ध्यान दे रही है। शासन द्वारा लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। वहीं युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में रूचि को ध्यान में रखकर कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया, रवि पाण्डेय सहित अन्य भाजपा नेता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।



कृषि मेला को संबोधित करते मुख्य अतिथि प्रदेश के कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब एवं मंचस्थ अतिथि।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समा




जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक जिले के हाईस्कूल मैदान जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे, जांजगीर में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 फरवरी को हाई स्कूल मैदान अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में सभी कवियों ने अपने प्रसिद्ध गीत, कविताओं से सभी श्रोता गणों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में कवियों के द्वारा की गई प्रस्तुति ने लोगो बांधे रखा। हास्य व्यंग, ओज, श्रृंगार रस एवं गीत ने लोगो को भाव विभूर कर दिया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में शशिकांत यादव मध्य प्रदेश, डॉ. आदित्य जैन (राजस्थान), गौरव चौहान (उत्तरप्रदेश), अमित शुक्ला (मध्य प्रदेश), प्रीति पाण्डेय (उत्तर प्रदेश), अभिषेक पाण्डेय, मीर अली मीर एवं बंशीधर मिश्रा द्वारा कविता पाठ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

# बैंक से रकम आहरण कर लौट रहे ग्रामीण से ढाई लाख की लूट

## नगर पंचायत राहौद का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैंक से राशि निकालकर घर लौट रहे ग्रामीण से ढाई लाख लूट का मामला सामने आया है। आरोपियों की फोटो सीसीटीवी फुटेज से कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर मामले की खोजबीन कर रही है। मामला नगर पंचायत राहौद के वार्ड क्रमांक 14 का है।

इस संबंध में राहौद चौकी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 13 फरवरी को राहौद के वार्ड क्रमांक 14 निवासी गोपेश्वर कुमार पटेल, उम्र 50 वर्ष 13 फरवरी को ही 2:50 बजे एसबीआई बैंक पामगढ़ से 2 लाख नगद आहरण करने गया था। उक्त राशि प्रार्थी द्वारा ग्राम राहौद निवासी श्याम चंदेल से घरेलू कार्य हेतु उधार ली गई थी, जिसके लिए श्याम चंदेल द्वारा प्रार्थी के नाम से चेक प्रदान किया गया था लगभग 1 बजे से 2 बजे के मध्य प्रार्थी ने पामगढ़ एसबीआई बैंक से उक्त राशि निकाली। बैंक परिसर में उसकी मुलाकात अपने परिचित मिथिलेश नामक व्यक्ति से हुई, जिसके साथ वह वापस राहौद आया। राहौद पहुंचकर प्रार्थी ने ग्रामीण बैंक के पास पूर्व में खड़ी अपनी साइकिल ली तथा नगदी से भरा थैला साइकिल के हैंडल में टांगकर अपने घर की ओर रवाना हुआ। इस दौरान दो तालाब के मध्य मार्ग में सामने से आए दो अज्ञात युवको ने साइकिल सहित थैला छीनने का प्रयास किया। इस दौरान झूमाझटकी के बीच वे नगदी से भरा थैला छीनकर फरार हो गए।


सीसीटीवी में कैद आरोपी का चेहरा

घटना की सूचना प्रार्थी द्वारा तत्काल राहौद पुलिस को दी गई, पुलिस ने नाकेबंदी कर पातासाजी की लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए है। पुलिस कानूनी कार्यवाही कर आरोपियों की पातासाजी में लगी है।

### पुलिस ने की नाकेबंदी, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

गुरूवार को राहौद के वार्ड क्रमांक 14 निवासी गोपेश्वर कुमार पटेल, उम्र 50 वर्ष 13 फरवरी को ही 2:50 बजे एसबीआई बैंक पामगढ़ से 2 लाख नगद आहरण करने गया था। जहां आरोपी सायकल के हैंडल में रखे बैग को पार कर दिया। बैग में लगभग ढाई लाख रुपए रखे थे। घटना के तुरंत बाद किसान ने राहौद पुलिस चौकी में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और आसपास के इलाकों में नाकेबंदी कर दी गई। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी गई है।

# धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार हथियार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डराने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से दो नग हथियार जब्त किया गया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सीएसपी कोतवाली सुश्री योगिता बाली खापर्डे के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर अलग-अलग स्थान से 2 आरोपियों को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 2 नग धारदार हथियार जप्त किया गया दोनों आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया एवं दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी कोतवाली, प्रधान राकेश राठौर, राकेश तिवारी, प्रकाश चंद्र राठौर,आरक्षक, विनोद राठौर, नितेश विश्वकर्मा, शंकर राजपूत, दिलीप सिंह का योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# लकड़ी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर दो आरा मिल में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लकड़ी के अवैध रूप से परिवहन मामले में वन विभाग की उडनदस्ता टीम ने दो आरा मिलों को सील किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वन संरक्षण एवं अवैध लकड़ी परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में सक्ती वन परिक्षेत्र की टीम एवं उड़नदस्ता दल ने संयुक्त रूप से जैजैपुर क्षेत्र में संचालित आरा मिलों पर छापामार कार्रवाई करते हुए दो आरा मिलों को सीलबंद कर दिया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हलेश्वर कुमार साहू, तुषार तथा गोपाल प्रसाद चंद्रा जैजैपुर द्वारा संचालित आरा मिलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक अभिलेखों एवं वैधानिक प्रावधानों की जांच की गई। जांच उपरांत अनियमितताएं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित आरा मिलों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध कटाई एवं लकड़ी के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन अपराधों के विरुद्ध आगे भी सतत अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने सभी आरा मिल संचालकों से कहा गया कि नियम का पालन नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



आरा मिल में जब्त लकड़ी तथा मशीन में ताला लगाते अफसर।

# बिरयानी सेंटर में गांजा की तस्करी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बिरयानी सेंटर में अवैध रूप से गांजा की तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से 495 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि सक्ती के बस स्टैण्ड में संचालित राजा बिरयानी सेंटर में दुकानदार द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा गया है। सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के वैधानिक प्रावधानों का पालन करते हुए थाना सक्ती पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान संदेही मुन्ना लहरे पिता बद्री लहरे, उम्र 46 वर्ष, निवासी टेलीफोन टॉवर के पास सक्ती के कब्जे से दुकान के अंदर बेड के बिस्तर के नीचे रखे एक थैले में पन्नी के भीतर कुल 495 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को जब्त किया गया। उक्त गांजा की कीमत 7 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी को उक्त मादक पदार्थ रखने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस दिया गया, परंतु आरोपी द्वारा किसी प्रकार का वैधानिक दस्तावेज न होना लिखित में स्वीकार किया गया। इस प्रकार आरोपी का कृत्य धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने से मौके पर गांजा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल थाना प्रभारी सक्ती, सउनि चित्रांगद चंद्रा, आरक्षक यादराम चंद्रा, रामकृष्ण देवांगन, जोगेश राठौर एवं श्याम गबेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


जब्ता गांजा के साथ आरोपी।



## खबर संक्षेप

### भागवताचार्य दयानंद कृष्ण ने, 16 श्रद्धालुओं को कराए वृंदावन धाम के दर्शन



**हरदीबाजार।** भागवताचार्य दयानंद कृष्ण महाराज जी वृंदावन धाम शिक्षाविद भलपहरी वाले के द्वारा 16 ग्रामीणों को भगवान श्री कृष्ण की नगरी वृंदावन धाम ब्रज में 84 कोसी दर्शन, बंशीवट, कीर्ति मंदिर दर्शन,मानसी गंगा गिरिराज महाराज, बरसाना गोपेश्वर नाथ के दर्शन कराकर प्रभु के लीला का प्रत्यक्ष रूपी रसपान कराया जा रहा है। इस दौरान सभी भक्त श्रद्धालुगण प्रभु श्री कृष्णा के नगरी में गंगा रूपी स्नान कर अपने और परिवार के लिए आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। यह धार्मिक व तिर्थ यात्रा पांच दीनों का था जो यात्रा कर सकुशल सभी वृंदावन से प्रभु की आशीर्वाद लेकर वापस लौटे।

### हरदीबाजार में मनाया गया वजन तिहार

**हरदीबाजार।** एकीकृत महिला बाल विकास हरदीबाजार परियोजना के अंतर्गत क्लस्टर 3 में वजन त्यौहार मनाया गया क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित 0 से 5 वर्ष के गर्भवती महिला किशोरी बालिकाओं का वजन एवं ऊंचाई नापा गया। अभिभावकों को पोषण रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती सनिता अनिल टंडन उपस्थित थे। उनके द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोज कराया गया, कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी हरदीबाजार टरकेश्वर लांजी, पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ,हरदीबाजार सेक्टर प्रभारी हेमलता साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दिनेश्वरी बंजारे, शारदा राठौर, शिव कुमारी राज उपस्थित थे।

### रासेयो भैसमा के छात्रों ने की बाजार परिसर की सफाई



**भैसमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसमा एवं स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा की एन.एस.एस. संयुक्त इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैली निकाली गई स्वयंसेवकों द्वारा नारा लगाया गया, प्रकृति के दुश्मन तीन। पाउच, पन्नी, पॉलिथीन ऐसे और भी नारे लगाए गए एवं दोनों संस्थाओं के स्वयंसेवकों द्वारा बाजार परिसर की साफ सफाई किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय के प्राचार्य की मार्गदर्शन में कार्य संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी राजू कंवर सहायक प्राध्यापक व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसमा के कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार साहू एवं विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती सावित्री डडसेना साथ रही। साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवक दिलेश्वर, अजय टंडन, पूजा, हेमंत राजपूत, पायल, श्रवण, ललिता, इमरान खान, शिवमणि और अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### किशोर पब्लिक स्कूल फरसवानी में बाल मेले का हुआ आयोजन

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत फरसवानी स्थित किशोर पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 5वीं से लेकर कक्षा 8वीं तक के छात्र छात्राओं ने विभिन्न तरह के व्यंजनों को बनाकर उसे बिक्री किया। वही छात्रों के परिजनों ने उस व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें छात्रों ने अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचा। छात्रों ने मेले में बहुत उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। प्रधापाठक चंद्रमौल द्विवेदी ने बताया कि बाल मेले का आयोजन हमारे स्कूल में एक वार्षिक परंपरा है। यह छात्रों को अपने कौशल और प्रतिभा को दिखाने का एक अच्छा अवसर है। हम उम्मीद करते हैं कि इस मेले से छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। बाल मेले का आयोजन बहुत सफल रहा। छात्रों ने बहुत आनंद लिया और अपने कौशल को दिखाया।

विज्ञान परीक्षा द्वितीय चरण के रूपरेखा पर डाला गया प्रकाश

# गौ संबंधी उत्पाद के उपयोग से 139 प्रकार की बीमारियां होंगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं छात्र छात्राएं।

गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के द्वारा विगत वर्ष से गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जा रही है। वर्तमान सत्र में गौ विज्ञान परीक्षा का द्वितीय चरण जिला स्तर पर जिला मुख्यालय जांजगीर में लोटस स्कूल में सम्पन्न हुआ।

जिला स्तरीय परीक्षा में जांजगीर चांपा जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय के अपने अपने स्कूलों में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में गौ सेवा संगम कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवागन प्रांत कार्यवाह ,छत्तीसगढ़ ने गौ माता एवं बछड़े की पूजा की। कार्यक्रम की शुरुआत में गौ विज्ञान परीक्षा प्रांत उप प्रमुख मनोज पाण्डेय ने कहा कि इस परीक्षा को संपन्न करने का मुख्य उद्देश्य आने वाले चार-पांच वर्षों के अंदर विद्यार्थियों के मन में भाव जगाना है कि गाय अब घर में रहेगी, सड़क में नहीं। उन्होंने गौ विज्ञान परीक्षा के द्वितीय चरण के कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का द्वितीय चरण छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में विधिवत संपन्न हुआ। जांजगीर चांपा जिले में शासकीय एवं निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय से 284 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यास कश्यप विधायक जांजगीर-चांपा विधानसभा ने गाय के महत्व को सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर अब तक उसकी विकास के बारे में तथ्यपरक बातें बताई। व्यास कश्यप ने कहा की राजतंत्रात्मक व्यवस्था में जिस राजा के पास सबसे अधिक गाय होती थी तो उस राजा का प्रमुख स्थान होता था । उन्होंने कहा कि पहले लोगों की औसत आयु 100 वर्ष हुआ करती थी। उन्होंने कहा कि अब पंच गव्य से दूर होने के कारण लोगों की औसत आयु में कमी हो गई। गांव में पहले घर के सामने कोठा होता था। अर्थात प्रवेश करने के समय और घर से निकलने के समय हमें गौ माता के दर्शन होते थे। गौ सेवा संगम कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन ,प्रांत कार्य वाह, रायपुर ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जो भी व्यक्ति गाय या गौ शाला के संपर्क में रहा है । उसको किसी प्रकार की तत्कालीन समस्या नहीं हुई है। गांव में घरों में गोबर का लेपन होता था यहां तक कि रसोई घर में भी। उन्होंने बताया कि प्राचीन आयुर्वेद के जानकर वागभट्ट ने 139 प्रकार की बीमारियों का इलाज गौ संबंधी उत्पाद के उपयोग से समाप्त हो सकती है। यहां तक गोमूत्र के उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियां भी ठीक हो जाती है। देवांगन ने बताया कि विकसित राष्ट्र में सबसे अधिक बीमारी का प्रतिशत मनोरोग से संबंधित है। उसका इलाज हमारे यहां गाय को सहलाने से ही दूर हो जाता है। उसी को आधार बनाकर पश्चात्य देश में गौशाला में लोग दो से तीन घंटा गौ माता को सहलाते, सेवा करते हुए बिताते हैं। वैज्ञानिक शोध से सिद्ध हुआ है कि गाय के गले को सहलाने से हाई बी.पी. और लो बी.पी. सामान्य स्तर पर आ जाता है। गो वंश से संबंधित व्यवहार को हमारे आचरण और विचार में लाना होगा। विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों की समस्याओं का समाधान भारत के पास में है। हम अपने ज्ञान, विज्ञान संस्कृति और धर्म व्यवहार के कारण से बहुत आगे हैं। इसमें गौ भक्ति, गौ सेवा गौ विज्ञान, गौ संस्कार,गौ व्यवहार, गौ आचरण और गौ आधारित जीवन अपनाएंगे तो हम भारत को श्रेष्ठ स्थान पर पहुंचाने में सफल होंगे। अतिथियों के उद्बोधन के उपरांत सभी विद्यार्थियों को अपने विद्यालय में गौ विज्ञान परीक्षा के प्रथम चरण में स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष में गौ उत्पाद संबंधी किट प्रदान किए गए। जांजगीर जिले में घायल गौ वंश के सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नरेंद्र साहू एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया।संचालन आलोक शुक्ला, सचिव अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने की। कार्यक्रम में लोटस स्कूल के संचालक प्रतीक गुप्ता, संरक्षक रोशन केशरवानी एवं पामगढ़ ब्लॉक के अध्यक्ष धनंजय दिव्य, सोहराब सिंह क्षत्रिय, उपाध्यक्ष धनेश मिश्रा, करण सिंह उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत पेयजल के महत्व पर डाला प्रकाश



लोगों को जागरूक करते अफसर एवं ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्ती के तत्वावधान में विकासखंड सक्ती अंतर्गत हर घर जल प्रमाणित ग्राम नवापाराकला में जल अर्पण दिवस का आयोजन उत्साह, सहभागिता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व, जल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा नल-जल योजना के सतत संचालन एवं संधारण के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए जल की शुद्धता, उसके स्वास्थ्य पर प्रभाव, जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा योजना के सुचारू संचालन हेतु नियमित जल कर भुगतान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत 6 दिसंबर 2024 को राजपत्र में प्रकाशित न्यूनतम 60 रुपये जल शुल्क की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि समय पर रखरखाव एवं सामुदायिक सहभागिता से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। जल अर्पण दिवस' जल के प्रति सम्मान, संरक्षण और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रतीकात्मक रूप से जल अर्पित कर अपव्यय रोकने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में एफटीके किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन किया गया, जिससे ग्रामीणों को परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी मिली और जलजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत बच्चे सीख रहे बागवानी करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा (अमोदा) में शिक्षा सत्र 2025-26 में पूर्व व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को बागवानी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि जिला समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिससे विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन में हरी भरी सब्जियां तो मिल ही रही है साथ ही उनमें व्यावहारिक ज्ञान, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, धैर्य, जिम्मेदारी और आत्म-विश्वास जैसे कौशल विकसित करने में मदद मिल रही है। प्रधान पाठक भानू प्रताप महाराणा ने बताया कि यह छात्रों के लिए एक डिजिटल डिटाक्स के रूप में काम करता है, शारीरिक गतिविधि बढ़ाता है, तथा उन्हें बीजों से फल-सब्जी तक की वैज्ञानिक प्रक्रिया सिखाकर प्रकृति से जोड़ता है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से बच्चों में व्यावहारिक कौशल बीज बोने, मिट्टी प्रबंधन, खाद बनाने, और सिंचाई जैसी तकनीकें सीखने को मिल रहा है साथ ही उनमें पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता के प्रति गहरी समझ पैदा होती है। बागवानी पाठ्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुरेश कुमार खूंटे, कर्मचारी हेमंत यादव सहित महिला समूह के सदस्यगण व सभी बच्चों का योगदान मिल रहा है।

# विज्ञान मेले को लेकर विज्ञान शिक्षकों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 के अवसर पर आयोजित होने वाले विज्ञान मेले की तैयारियों को लेकर बीआरसीसी भवन में विज्ञान शिक्षकों की दो चरणों में कार्यशाला बीआरसी भवन बम्हनीडीह में आयोजित की गई ।

- सूक्ष्म संसार का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



कार्यशाला में उपस्थित विज्ञान शिक्षक।

कार्यशाला में विज्ञान मेले की गतिविधियों को विद्यालय स्तर पर बच्चों के साथ प्रभावी एवं बेहतर ढंग से क्रियांवयन और उनकी अवधारणात्मक समझ को प्रयोगात्मक रूप कराने पर फोकस किया गया। विज्ञान शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कर बताया गया ताकि विज्ञान मेले का सुचारू रूप से आयोजन हो सके। कार्यशाला की शुरुआत बीआरसीसी एच.के. बेहार सर के उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यालय में उपलब्ध विज्ञान किट एवं सामग्री के नियमित उपयोग पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान पूरे समय बीआरसीसी एच.के. बेहार उपस्थित रहे। बैठक में विज्ञान मेले के अंतर्गत बनाए गए प्रयोग आधारित स्टॉलों का अभ्यास कराया गया, जिनमें सूक्ष्म संसार का अवलोकन करो, आओ जांच के देखो, विद्युत चालकता का परीक्षण, पदार्थों को अलग-अलग करना सीखें, चुंबक से मनोरंजन, मॉडल बनाओ, नाप-तौल के देखो, आओ प्रतिबिंब बनाओ, पहचानो कौन, अंधविश्वासों की पड़ताल तथा विज्ञान प्रदर्शनी शामिल थे। स्टॉलों को समझने के साथ-साथ शिक्षकों ने स्वयं उनकी प्रस्तुति कर गतिविधियों को करके भी समझा। साथ ही यह भी तय किया गया कि विज्ञान मेले के दिन प्रत्येक स्टॉल के संचालन के लिए दो-दो बच्चों की जिम्मेदारी रहेगी, ताकि बच्चे स्वयं प्रयोगों का संचालन कर सकें और सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। निर्णय लिया गया कि इन सभी गतिविधियों को पहले विद्यालयों में बच्चों के साथ कराया जाएगा, ताकि कक्षा 6, 7 एवं 8 में पढ़ाए जाने वाले विज्ञान के सिद्धांतों को बच्चे स्वयं प्रयोग करके समझ सकें। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि विज्ञान मेले के दिन बच्चे केवल दर्शक न रहकर प्रत्येक स्टॉल पर अवलोकन करें, प्रयोग करें, प्रश्न पूछें, अनुमान लगाएँ, परीक्षण करें और निष्कर्ष निकालें। एम.टी. के रूप में देवकुमार सूर्यवंशी, घनश्याम डड्सेना एवं दीपक सिदार ने शिक्षकों को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के आयोजन में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन का सहयोग रहा।

# संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन को होगा सीखना : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद



श्रीमद् भागवत कथा के षष्टम दिवस मे संस्कार और वचनों के क्रियान्वयन को सीखना हो तो महाराज दशरथ से सीखा जा सकता है। जिन्होंने राजा जनक द्वारा भेजे गए दहेज को उस युग में भी गलत मान कर नहीं लिया आज भी मणि पर्वत के रूप में प्रसिद्ध है। सोने के समय भगवान याद नहीं आएंगे पर मोबाइल नहीं भूलेंगे उन्होंने कहा कि पिछले जन्म से ही 16108 कन्याओं को पति के रूप में भगवान मिल गए। भागवत कथा से आत्म बल में बढ़ोतरी होती है। कार्यक्षमता श्रेष्ठ होती है और आज का समय ऐसा है कि 24 घंटे लोगों का ध्यान रखने वाले भगवान को लोग 1 मिनट भी याद करना जरूरी नहीं समझते सोने से पहले यदि मोबाइल को छोड़कर भगवान को पकड़ लेंगे तो नींद भी अच्छी आएगी। षष्ठम दिवस की कथा में श्रीतिवारी महाराज ने रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया उन्होंने कहा कि पेड़ों के बगैर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। विदेशों में नदी और पेड़ पौधे को केवल उपयोग की वस्तुओं मानी जाती है। पंडित ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाया। प्रकृति की पूजा भी अनिवार्य है सनातन धर्म के पांव में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होता। प्रकल्प से भागवत कथा के दौरान आरती के पूर्व नित्य की भांति सैकड़ों की संख्या में भक्तों के द्वारा महा आरती की गई।

# विभिन्न मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने डीपीआई से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीपीआई के संचालक से मुलाकात की। इस बीच अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में ॠतुराज रघुवंशी संचालक डीपीआई, अशोक नारायण बंजारा सहायक संचालक, एच सी दिलावर सहायक संचालक से मुलाकात करके शिक्षक एल बी संवर्ग के मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के तहत पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने, 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित है, क्रमोन्नति व समयमान हेतु निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए 5 वर्ष किया जावे। प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि डीपीआई ॠतुराज रघुवंशी ने प्रतिनिधिमंडल को चर्चा में कहा कि प्राचार्य प्रतीक्षा सूची पदोन्नति की प्रक्रिया शासन स्तर पर जारी है, यह शीघ्र होगा। व्याख्याता टी संवर्ग की पदोन्नति हेतु काउंसिलिंग शीघ्र करेंगे। टेट परीक्षा एवं बीएड ब्रिज कोर्स पर शिक्षकों के हित में मजबूती से पक्ष रखा गया। ववीपीएस महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित किया गया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक है। संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को अनिवार्य रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग किया गया कि केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जावे। न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान है, इससे एल बी संवर्ग के अनेकों शिक्षक बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहे है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रदेश पदाधिकारी योगेश सिंह ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, बिलासपुर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, धमतरी जिलाध्यक्ष डॉ भूषण चंद्राकर, महासमुंद जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, बालोद जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, आशीष गुप्ता, दिनेश साहू, शेखर प्रसाद साव, सहित पदाधिकारी शामिल थे।

### पात्र–अपात्र सूची जारी, 17 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**सक्ती।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शासकीय संस्था के रूप में संचालित किए जाने के उद्देश्य से संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर पद हेतु पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी 17 फरवरी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार चाम्पा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
ग्राम-हथनेवरा
दिनांक 03/02/26
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा पिता स्व. खोलबहरा जाति लोहर निवासी हथनेवरा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. ने इस न्यायालय में अपने दादी बुधबारा बाई के मृत्यु दिनांक 08/12/2005 स्थान हथनेवरा वृद्धावस्था कारण से होने पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/02/2026 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/02/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 03/02/26
पेशी दिनांक 16/02/26
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# श्रीमद् भागवत में सुनाई गई सुदामा चरित्र की कथा




**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत कुम्हारीकला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बरेठ परिवार में किया गया। इस दौरान शुक्रवार 13 फरवरी को सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। बरेठ परिवार द्वारा अपने गृह निवास पर 6 फरवरी, शनिवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ हुआ। कथा वाचन पंडित प्रेमशंकर चौबे नवागांव, बाराद्वार द्वारा विधि-विधान से किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से देर शाम तक आयोजित की जा रही है। 9 फरवरी, सोमवार को अजामिल चरित्र एवं नरसिंह अवतार की कथा सुनने का सौभाग्य मिला, अजामिल चरित्र एवं नरसिंह अवतार की वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो उठे। आगामी 10 फरवरी को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। 11 फरवरी को बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 12 फरवरी को महारास, कंस वध एवं रुक्मिणी विवाह, 13 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष के साथ कथा विश्राम एवं चढ़ौती होगी। 14 फरवरी को तुलसी वर्षा, हवन यज्ञ, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज का आयोजन होगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है।

### शिक्षा सारांश शैक्षणिक मासिक पत्रिका 33 वां अंक का हुआ विमोचन

**जांजगीर-चांपा।** जिले से प्रकाशित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शैक्षणिक मासिक पत्रिका शिक्षा सारांश के 33 वें अंक माह फरवरी को डीएमसी समग्र शिक्षा हरिराम जायसवाल व डाइट के अकादमिक सदस्य गोपेश साहू के हाथों विमोचन हुआ। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए डीएमसी श्री जायसवाल ने इसे जिले के शिक्षकों का अनुपम कार्य बताया। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा सारांश' शैक्षिक मासिक पत्रिका की रचना कर जिले के शिक्षकों ने अपने जिले को गौरवान्वित किया है जिससे संपूर्ण शिक्षक समाज लाभान्वित हो रहा है। शैक्षिक पत्रिका के प्रधान संपादक नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि राज्य भर के किसी भी सरकारी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका, पालक व विद्यार्थी अपनी शैक्षिक रचनाएं प्रेषित कर सकते है जिसे पत्रिका के आगामी अंक में निःशुल्क प्रकाशित किया जायेगा। नवाचारी शिक्षक नरेन्द्र कुमार राठौर ने बताया कि 100 पृष्ठों वाली यह शैक्षिक मासिक पत्रिका भारत सरकार के पोर्टल पर पंजीकृत है जिसे प्रतिमाह आईएसबीएन नंबर के साथ प्रकाशित किया जाता है।

जाँजगीर मार्केट
आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# मेरा तो वैलेंटाइन डे का प्लान फिक्स : शमिता

**मुंबई।** अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। मगर, इस बीच उन्होंने अपना वैलेंटाइन डे प्लान शेयर किया है। शमिता शेट्टी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'तैयारी पूरी है'। वीडियो में एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान एकदम फिक्स है। किसी भी कपल को देखूंगी तो जोर-जोर से चिल्लाऊंगी कि भाई कल वाली अच्छी थी।

लाइफ Style



# तापसी


## अलग-अलग शहरों में होगी अस्सी की स्क्रीनिंग

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस महीने यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इससे पहले तापसी ने फैंस से अपील की है कि वे सिनेमाघर जाकर यह फिल्म देखें।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म 'अस्सी' की सिनेमाघरों में रिलीज से पहले दर्शकों से अपील की है कि वे इस फिल्म को थिएटर्स में जाकर देखें। हालांकि, उन्होंने अनोखे अंदाज में यह बात एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कही है। साथ ही यह जानकारी भी दी है कि इस फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले अलग-अलग शहरों में इसकी स्क्रीनिंग होगी और यह सिलसिला पूरे सप्ताहभर चलेगा। तापसी पन्नू ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'चलो समय बदलते हैं, क्योंकि दुख की बात है कि अब सिर्फ अपनी फिल्म बनाकर आराम से बैठ जाना ही सब कुछ नहीं रह गया है। हम अच्छे सिनेमा के हकदार तभी हैं, जब हम उसकी कद्र करते हैं। समाज जल्द ही अच्छी फिल्मों से भर जाएगा, इसलिए नहीं कि हमने लगातार औसत दर्जे की फिल्में चुनी हैं, बल्कि इसलिए कि आपने तब चुप रहना चुना, जब आपकी आवाज आपको सबसे ऊपर ले जा सकती थीं'। तापसी ने आगे लिखा है, 'हम अपनी ऑफिशियल रिलीज से एक हफ्ते पहले अलग-अलग शहरों में स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ फिल्म 'अस्सी' के लिए आपका भरोसा और प्यार पाने का अपना सफर शुरू कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स ने कैंसर अवेयरनेस पर किया काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेम्स वैन डेर बीक का निधन कैंसर के कारण हुआ। जब उन्हें अपनी बीमारी का पता चला तो उन्होंने कैंसर अवेयरनेस पर काम करना शुरू किया। गुरुवार को उनके इंस्टाग्राम पेज पर निधन की सूचना साझा की है। सोशल मीडिया पर ही कई हॉलीवुड सेलेब्स और फैंस जेम्स वैन डेर बीक को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। लोग जेम्स के परिवार और पत्नी को इस मुश्किल वक्त में सपोर्ट कर रहे हैं, अपनी संवेदनाएं प्रकट कर हैं। फैंस भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर याद कर रहे हैं, जिसने आखिरी वक्त में भी कैंसर अवेयरनेस पर काम किया।



# माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 का हिस्सा रहे

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू के निधन से उनके फैंस दुखी हैं। 39 साल की उम्र में इस कोरियन एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। लेकिन, अब फैंस की नजर जंग यून वू की पोस्ट पर गई है। इसे देखकर फैंस हैरान हैं। यह एक्टर माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 जैसे टीवी ड्रामा का हिस्सा रहे। जंग यून वू की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। कुछ फैंस की नजर उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर गई। जिसमें साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू ने कई दिवंगत आर्टिस्ट्स लेस्ली चेउंग और एमी वाइनहाउस की तस्वीरें शेयर की थीं। साथ ही कैप्शन लिखा, 'ईर्ष्या, याद और पछतावा।' कोरियन एक्टर जंग यून वू की आखिरी क्रिप्टिक पोस्ट और मौत पर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मैं एक बेहतर दुनिया में आपके अधिक चमकने की प्रार्थना करता हूं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कितना



# अपनी जेनरेशन से काफी अलग हैं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट के बारे में एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने कई बातें शेयर की हैं। एक इंटरव्यू में आज के समय के एक्टर्स और आलिया के व्यवहार में काफी फर्क बताया। साथ ही फिल्म 'कपूर एंड संस' में साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। आलिया भट्ट की 'कपूर एंड संस' साल 2016 में रिलीज हुई एक फैमिली फिल्म थी। इस फिल्म में ऋषि कपूर,रत्ना पाठक समेत कई मशहूर कलाकार शामिल थे । हाल में दिए अपने एक इंटरव्यू में अभिनेत्री रत्ना पाठक ने आलिया भट्ट को बाकी नए कलाकारों से अलग बताया। उनके व्यवहार की तारीफ की। अभिनेत्री रत्ना पाठक का बॉलीवुड में एक लंबा कॅरियर रहा, उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। उन्होंने कहा, 'आलिया सेट पर काफी अलर्ट रहती थीं।



# फरहान को एक पैसा नहीं देंगे रणवीर

**मुंबई।** रणवीर सिंह के 'डॉन 3' से बाहर होने के बाद फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें 40 करोड़ रुपए की भरपाई करनी चाहिए। इन पैसों को लेकर मेकर्स ने जो डिमांड रखी है उसे लेकर रणवीर सिंह ने साफ कर दिया है कि वो ऐसा कुछ नहीं करेंगे। रणवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' के लिए एक साल तक तैयारी की थी, लेकिन डायरेक्टर ने 'लव एंड वॉर' पर काम करना शुरू कर दिया। रणवीर सिंह ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि बॉलीवुड में लंबे इंतजार के बाद भी फिल्मों का न बन पाना आम बात है और ऐसे मामलों में किसी पर किसी का कोई कर्ज नहीं होता। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने एक बंद कमरे में बैठक भी की, जिसमें दोनों पक्षों की बातों को रखा गया।

## टीवी मसाला



# बैंडवाले का ट्रेलर रिलीज डीजे साइको बन छाए जहान

**नई दिल्ली।** नई सीरीज 'बैंडवाले' का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें शशि कपूर के पोते जहान कपूर नजर आ रहे हैं। 'बैंडवाले' 13 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 240 देशों में स्ट्रीम किया जाएगा। इसके ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। जहान ने 'ब्लैक वारंट' से डेब्यू किया था और धमाल मचा दिया था। अब वह डीजे साइको बनकर आए हैं और साथ में स्वानंद किरकिरे हैं। 'ब्लैक वारंट' सीरीज से धमाकेदार शुरुआत करने वाले शशि कपूर के पोते और एक्टर जहान कपूर अब जल्द ही नई सीरीज 'बैंडवाले' में नजर आएंगे। सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो वाकई मजेदार है। कई ऐसे पल हैं, जहां हंसी से लोटपोट हो जाएंगे। जहान कपूर भी एकदम अलग अवतार में हैं और चौंका रहे हैं। 'बैंडवाले' एक म्यूजिकल सीरीज है, जिसमें जहान कपूर ने डीजे साइको का रोल प्ले किया है। साथ में गीतकार स्वानंद किरकिरे भी हैं, जो अपनी एक्टिंग से सबको चौंका देंगे। 'बैंडवाले' में शालिनी पांडे भी हैं, जो अर्जुन रेड्डी, डब्बा कार्टेल और महाराज जैसी फिल्मों में तारीफें बटोर चुकी हैं। इस सीरीज में वह छोटे से शहर रतलाम में रहने वाली एक कवयित्री का रोल प्ले कर रही हैं। हालांकि, वह गुमनाम होकर अपनी कविताएं लिखती और छपवाती हैं, जिनके बारे में उनके परिवार को पता नहीं है। ट्रेलर की शुरुआत रोबो कुमार नाम के सिंगर से होती है, जो एक शादी में बैंडबाजा वाले के साथ गाना गाते हैं। यह किरदार स्वानंद किरकिरे ने निभाया है। लेकिन रोबो ऐसा गाता है कि दूल्हे के साथ बाराती भी परेशान हो जाते हैं। कोई उसका गाते हुए वीडियो बना लेता है और सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

## दूरदर्शन का पहला भुतहा शो, किले में भटकती थी आत्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर हॉरर शो की चर्चा होते ही सबसे पहला नाम 'आहट' का आता है। लेकिन, सच तो यह है कि इससे पहले भी एक ऐसा शो था जिसने दर्शकों को डर का असली मतलब सिखाया था।



यह एक ऐसा शो था जिसने लोगों को डरा दिया था, फिर भी रोमांच इतना जबरदस्त था कि लोग इसे देखना बंद नहीं कर पाते थे। इसे देखकर वो जितना डरते थे, उतना ही एक्साइटेड भी हो जाते थे। 'किले का रहस्य' ने उस दौर में डर को मनोरंजन में बदल दिया और टेलीविजन पर हॉरर शो की नींव रखी। 'आहट' से भी पहले प्रसारित हुए इस सीरियल ने टेलीविजन पर हॉरर शैली की शुरुआत की। यही कारण है कि इसे आज भी याद किया जाता है। इस शो का प्रीमियर 1989 में हुआ था। ये हफ्ते में केवल एक बार प्रसारित होता था। हर एपिसोड का अंत बेहद सस्पेंस से भरा होता था।



# राजेश खन्ना पर भारी पड़ता था ये विलेन कभी 8 महीने रहा था बेरोजगार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा का वो दिग्गज अभिनेता जिसने हर किरदार में जान फूंक दी। वो विलेन जिसके फिल्मों में होने से राजेश खन्ना को कास्ट करना मुश्किल हो जाता था। एक्टिंग ऐसी कि लोग उनके मुरीद हो जाते थे। इस एक्टर की एंट्री होते ही थिएटर तालियों से गड़गड़ा उठता था। अपनी फिल्मों में कास्ट करने लिए तो मेकर्स के बीच होड़ मची रहती थीं। एक्टिंग की दुनिया का वो सितारा जिसने पहचान विलेन के तौर पर बनाई, लेकिन असल जिदंगी में बेहद दरियादिल इंसान था। अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लिया करते थे। जिस फिल्म में वह होते थे, वह हिट की गारंटी बन जाती थीं। साल 1920 में पुरानी दिल्ली के कोटगढ़ बल्ली मारा में जन्मे प्राण के पिता कृष्ण सिकंद सिविल इंजीनियर थे और मां रामेश्वरी गृहिणी. प्राण को पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली में एक फोटोग्राफी कंपनी में काम शुरू किया। किस्मत ने लाहौर में उनका रास्ता बदल दिया। वहां एक दुकान पर फिल्म लेखक मोहम्मद वली से मुलाकात हुई। इसी मुलाकात ने उन्हें फिल्मों तक पहुंचा दिया। 1940 में पंजाबी फिल्म 'यमला जट्ट'में उन्हें हीरो का रोल मिला। फिल्म हिट रही और प्राण की गिनती उभरते सितारों में होने लगी। इसके बाद चौधरी, खजानची और हिंदी फिल्म खानदान में भी उन्होंने काम किया।

***बंटवारा जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ*** : लेकिन 1947 का बंटवारा उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। लाहौर में बतौर हीरो जम चुके प्राण को सब कुछ छोड़कर मुंबई आना पड़ा। यहां उन्हें पूरे 8 महीने तक काम का इंतजार करना पड़ा। हालत ऐसे हो गए कि मरीन ड्राइव के एक होटल में काम करना पड़ा। आर्थिक तंगी का वो दौर बेहद मुश्किल था।

***जिद्दी से की नई पारी शुरू*** : आखिरकार सादत हसन मंटो और अभिनेता श्याम की मदद से 1948 में बॉम्बे टॉकीज की फिल्म जिद्दी मिली। देव आनंद और कामिनी कौशल स्टारर इस फिल्म में प्राण ने विलेन का रोल निभाया। यहीं से उनकी नई पारी शुरू हुई। इसके बाद तो प्राण हिंदी सिनेमा के सबसे दमदार खलनायक बन गए। दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन तक, हर बड़े स्टार के सामने उनका मुकाबला अलग ही दिखता था। मधुमति, जॉनी मेरा नाम, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों में उनके किरदार आज भी याद किए जाते हैं।

# च्यवनप्राश ऐड की वजह से श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस हुआ था रद्द

**नई दिल्ली।** 'पुष्पा 2' के सॉन्ग 'किसिक' के बाद अब अब बॉलीवुड में कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी 3' से डेब्यू करने जा रहीं श्रीलीला ने ऑफिशियली एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ली है। एक्ट्रेस की कॉन्वोकेशन सेरेमनी का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। श्रीलीला से पहले अदिति गोवित्रिकर, पलाश सेन, साई पल्लवी ( 2016 में एमबीबीएस की मेडिकल डिग्री पूरी की) जैसे कई और कलाकारों ने मेडिकल की डिग्री हासिल की। वहीं, आज हम यहां एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं



जिन्होंने मेडिकल की डिग्री पाई तो थी, लेकिन च्यवनप्राश की वजह से उनका मेडिकल लाइसेंस रद्द कर दिया गया। बरसों पहले, श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस एक ऐड की वजह से रद्द कर दिया गया था। दशकों पहले, मराठी और बॉलीवुड एक्टर श्रीराम लागू ने जब एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी, जब वे पहले से ही एक डॉक्टर थे। एक विज्ञापन में वो नजर आए और इसके बाद उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। बता दें कि श्रीराम लागू ने बीजे मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की डिग्री पूरी की थी।

***मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए एक्टिंग पूरी की*** : उन्होंने साल 1960 के दशक में पुणे और तंजानिया में ईएनटी सर्जन के रूप में प्रैक्टिक्स की।

मेडिकल कॉलेज में अपने पहले ईयर के दौरान ही उनका परिचय थिएटर से हुआ। तब से थिएटर उनका जुनून बन गया और मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए, उन्होंने एक्टिंग को पूरी तरह से अपना लिया।

***यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही लाइसेंस रद्द कर दिया*** : श्रीराम लागू साल 1980 में डाबर च्यवनप्राश के एक ऐड में नजर आए थे। उनके ऐड ने काफी हंगामा खड़ा कर दिया क्योंकि कहा गया कि एक डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने पैसों के लिए विज्ञापन किया। यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही, इंडियन मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) ने उनका लाइसेंस रद्द कर दिया और उन्हें मेडिकल प्रैक्टिस करने से मना कर दिया गया।

## ईएनटी सर्जन हुआ करता था

इस घटना के कई साल बाद तबस्सुम के साथ एक बातचीत में लागू ने इसे लेकर बात की थी। तबस्सुम ने उनसे पूछा कि क्या वे डॉक्टर हैं? इसपर उन्होने स्वीकार करते हुए कहा कहा था, 'मैं इस वक्त किसी भी तरह का डॉक्टर नहीं हूं। मैं एक समय में ईएनटी सर्जन हुआ करता था।' हालांकि इसे लेकर उन्होंने कोई सफाई नहीं दी।

## बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा

# 6 की उम्र में मुंबई में खरीद लिया घर, 10 साल में नेशनल अवॉर्ड

*नई दिल्ली। बाल कलाकार के रूप में अपना कॅरियर शुरू करने वाले मास्टर राजू इस वक्त साइड रोल्स करते दिखाई देते हैं। उन्होंने बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा। बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे चाइल्ड आर्टिस्ट हैं, जिन्होंने बड़े होने पर भी उनता ही नेम-फेम हासिल किया हो। कुछ गुमनामी में हैं तो कुछ बड़े स्टार हैं। हम आज बात कर रहे हैं मास्टर राजू की, जिन्होंने बचपन में तो सफलता के खूब स्वाद चखे, लेकिन बड़े होने पर वैसा मुकाम हासिल नहीं कर पाए। 6 साल की उम्र में ही उन्होंने मुंबई के पॉश इलाके में घर खरीद लिया था। एक वक्त था, जब उनके पास अमिताभ बच्चन से ज्यादा काम था। लेकिन, आज उनकी हालत कुछ खास नहीं।*

## पहली फिल्म थी परिचय

मास्टर राजू के बचपन का नाम फहीम अजानी थी। वह मुंबई के डोंगरी में रहते थे। उनके परिवार से कोई भी फिल्म इंडस्ट्री से नहीं था। इसलिए पहले उन्हें एक्टिंग करने की इजाजत नहीं मिली थी। मगर एक बार उन्होंने गुलजार की फिल्म 'परिचय' का ऑडिशन दिया तो वह बहुत रोए, क्योंकि वो कर नहीं पाए। उस वक्त 5 साल के थे। मगर ये उनके हक में काम आया और उन्हें कास्ट कर लिया गया। अब वह राजू श्रेष्ठ के नाम से जाने जाते हैं। संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।

## फहीम अजानी से कैसे बने मास्टर राजू?

मास्टर राजू ने राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, जीतेंद्र, अनिल कपूर जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका नाम फहीम से मास्टर राजू कैसे पड़ा। उनके मुताबिक, 'संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।' मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग तीन फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मेरा शोषण हो रहा है।



## बाल कलाकार के किरदार में छाए

मास्टर राजू ने गुलजार के बाद श चोपड़ा, हृषिकेश मुखर्जी और बसु चटर्जी जैसे फेमस डायरेक्टर्स के साथ भी काम किया। उनकी फिल्में अमर प्रेम, दाग- द पोएम ऑफ लव, दीवार, इंकार, खुद-दार और वो सात दिन समेत अन्य सब सुपरहिट रहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनको इतने प्रोजेक्ट मिलते थे कि एक साथ वह 3-3 फिल्मों की शूटिंग करते थे। 'मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग 2 फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि मेरा शोषण हो रहा है।'

***फीस 10 हजार से 1 लाख रुपए*** : मास्टर राजू को मेहनत का फल भी मिला। उनको 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' को लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट कैटेगरी में नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। उन्होंने बताया था कि पहली मूवी के बाद उन्हें हर फिल्म में 10,000 रुपए बतौर फीस मिलते थे। लेकिन, 4 साल बाद उनका काम और चमका, जिसके कारण वो रकम बढ़कर 1 लाख रुपए हो गई थी। 'जब 1977 में मैं बहुत फेमस हो या था, तो मुझे 1 लाख रुपए से ज्यादा फीस मिलने लगी थी।' मैंने बांद्रा में 11 लाख रुपए में एक घर खरीदा था। मेरे पापा ने इन्वेस्टमेंट सही जगह की। जिसका फायदा आज भी मिल रहा है। मुझे कभी भी ऐसा दौर नहीं देखना पड़ा कि मेरे पास काम न हो।

***मास्टर राजू का इंतजार करते थे अमिताभ*** : मास्टर राजू ने एक इंटरव्यू में बताया कि 1975 में फिल्म 'फरार' के दौरान अमिताभ बच्चन को सेट पर उनका इंतजार करना पड़ता था क्योंकि बिग बी के पास उतना काम नहीं था लेकिन वह तो साथ में तीन-तीन फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'जब मैं सेट पर आता था को मेरे शॉट्स को प्राथमिकता दी जाती थी। अमित जी से एक साइड बैठने के लिए कह दिया जाता था। क्योंकि, मुझे 3 घंटे में निकलना होता था। वह बस इंतजार करते रहते थे।'

***नशेड़ी का टैग मिला***: मास्टर राजू जब 9वीं क्लास में आए तो उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था, जिससे पढ़ाई पर फोकस कर सकें। फिर जब कमबैक किया तो वह ग्रे शेड कैरेक्टर करना चाहते थे, क्योंकि 'गुड बॉय' इमेज से बोर हो गए थे। उन्होंने एक शो 'चुनौती' और महेश भट्ट की फिल्म 'साथी' में नशेड़ी का रोल किया, जिसके बाद उन्हें ड्रग एडिक्ट का टैग मिल गया।

**खबर संक्षेप**

## कैबिनेट में लिए गए निर्णय का रवि पांडेय ने किया स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने राज्य के लाखों किसानों को होली पर्व से पहले धान की अंतर राशि (3100 रूपये प्रति क्विंटल के मान से) एकमुश्त भुगतान करने के फैसले को ऐतिहासिक और किसान हितैषी बताया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. पाण्डेय ने कहा कि कैबिनेट के निर्णय अनुसार राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों को होली के पावन पर्व से पहले अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में रिकार्ड 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। पाण्डेय ने कहा कि सरकार केवल धान नहीं खरीद रही, बल्कि किसानों के पसीने की एक-एक बूंद की कीमत चुकाकर उनके पुरुषार्थ का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश का 'अन्नदाता' ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली से पहले एकमुश्त भुगतान का निर्णय किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक संबल लाएगा, बल्कि उनके उत्सव के उल्लास को दोगुना कर देगा। मुख्यमंत्री का यह कथन ''किसानों की मुस्कान ही सरकार की सबसे बड़ी पूंजी है'' भाजपा की सेवा भावना को दर्शाता है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. पाण्डेय ने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत, साय सरकार ने किसानों को किस्तों के इंतजार से मुक्ति दिलाकर 3100 रूपये प्रति क्विंटल का वादा निभाकर अपनी विश्वसनीयता पर मुहर लगाई है। यह कदम छत्तीसगढ़ को कृषि प्रधान से कृषि समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

## सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में अस्थि रोग शोध अनुसन्धान केंद्र में डॉ. हर्षवर्धन का हुआ चयन



**खरौद।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज के पुत्र डॉ. हर्षवर्धन भारद्वाज का चयन शासकीय सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर में अस्थि रोग विशेषज्ञ के रूप में शोध एवं अनुसन्धान कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इन्होने अपने एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई नेशनल मेडिकल कॉलेज कोलकता से की थी। इन्होने सीनयर सेकेण्डरी शिक्षा जवाहर नोदय विद्यालय मल्हार जिला बिलासपुर से प्राप्त की थी। ये बचपन से ही मेघावी छात्र थे। इनकी शुरू से ही यह इच्छा रही की गरीब, असहाय लोगों की सेवा कर सके।

## बनारी में नशा मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक



**जांजगीर-चांपा।** ज़िला प्रशासन एवं यूनिसेफ, युवोदय एग्रिकान समिति तथा अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के सहयोग से ग्राम पंचायत बनारी में नशा मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत युवोदय स्वयं सेवकों एवं भारत स्काउट गाइड द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यह आयोजन विकासखंड समन्वयक नरेन्द्र कश्यप के मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत बनारी के सरपंच देवनारायण सिदार, शास हाई स्कूल व्याख्याता राहुल दिवाकर के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपसरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्कूली छात्र-छात्राएँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों, उसके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रभावों तथा बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ सशक्त संदेश दिया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 250 ग्रामवासियों ने सहभागिता की। अंत में सभी उपस्थित जनों को "बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत / छत्तीसगढ़" की शपथ दिलाई गई तथा नशा मुक्त एवं सुरक्षित समाज निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में युवोदय स्वयं सेवक हेमपुष्पा हंसराज, समीक्षा साव, प्रदीप राठौर, आस्था साव,स्नेहा हंसराज, अनिरुद्ध पांडे, असूल रोहिदास की भूमिका सराहनीय रही।

## मनरेगा के कार्य को समय में पूर्ण करने के साथ लगाये पूर्णता प्रमाण पत्र

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में बैठक लेकर महात्मा गांधी नरेगा एवं पीएम आवास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री महोबे ने महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संचालित समस्त निर्माण कार्यों में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित 15 मार्च की समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### आने जाने वाले लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

# सोलह वर्ष बाद भी कुरदा से कुदरी बैराज तक सड़क निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

कुरदा से कुदरी बैराज तक सड़क निर्माण का काम 16 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। कुदरी बैराज पर्यटन स्थल के रूप में होने से इस मार्ग से लोगों का आवागमन निरंतर बनी रहती हैं। पिकनिक मनाने एवं घूमने के लिए काफी संख्या में लोग इस मार्ग से आना जाना करते है, लेकिन आधा अधूरा निर्माण कार्य होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस मार्ग में अधूरा सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होने से जहां लोगों को आवागमन करने के लिए काफी सुविधाएं होगी, तो वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक की समस्याओं से भी लोगों को राहत मिलेगी।

ग्राम कुरदा में शासकीय हाई स्कूल के आगे से हसदेव नदी के कुदरी बैराज तक निर्माणाधीन डब्ल्यू बी एम सड़क ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते 16 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस सड़क का निर्माण शासन के प्रधान मंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत लगभग 16 वर्ष पूर्व कुछ ही दुरी तक ग्राम पंचायत द्वारा आधा अधूरा कराया गया है, जबकि इसे हाई स्कूल के आगे से नदी किनारे कुदरी बैराज तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराएं जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव के विकास कार्यों के प्रति ध्यान नहीं दिए जाने के कारण सड़क निर्माण कार्य आधा अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क निर्माण का कार्य आधा अधूरा होने से इस मार्ग से आने जाने वाले आम लोगों को भारी परेशानियो व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। इस मार्ग में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने से लोगों को दूर दराज के विभिन्न क्षेत्रों गांवों, कस्बों और शहरों को आने जाने में नजदीक एवं सहूलियत मिलेगी और लोगों की कीमती समय की बचत होगी। इस मार्ग से पहारिया, पंतोरा, बलौदा, बिलासपुर, उच्चभिट्ठी, सिवनी ,बालपुर उमरेली तथा फरसवानी, कोथारी कोरबा चारो दिशाओं की ओर साट कट आने जाने वालों की आवागमन निरंतर बनी रहती हैं, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य आधा अधूरा होने से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, वहीं क्षेत्र का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इस मार्ग में अधूरा सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होने से जहां लोगों को आवागमन करने के लिए काफी सुविधाएं होगी, तो वहीं दूसरी ओर ट्रैफिक की समस्याओं से भी लोगों को राहत मिलेगी। पूर्व में ग्राम कुरदा के ग्रामीणों ने इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एवं मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर ग्राम कुरदा के शासकीय हाई स्कूल के आगे से हसदेव नदी कुदरी बैराज तक निर्माणाधीन आधा अधूरा डब्ल्यू बी एम सड़क को लोक निर्माण विभाग के माध्यम से यथाशीघ्र कुदरी बैराज तक पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग की हैं। ज्ञात हो कि इस के पूर्व भी उक्त अधूरे पड़े डब्ल्यू बी एम सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण कराने शासन प्रशासन को कई बार पत्र लिखा जा चुका हैं, लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया।



कच्ची मार्ग से होकर गुजरते लोग



# लंबे समय से लंबित प्रकरणों के चलते शिक्षकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

शिक्षक संवर्ग की विभिन्न लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

- शिक्षक संवर्ग की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में बताया गया कि कई महत्वपूर्ण प्रकरण लंबे समय से लंबित होने के कारण शिक्षकों को निरंतर प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सत्र 2025-26 में अनियमित स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु दिए गए आवेदनों पर संयुक्त रूप से अनुमति आदेश जारी करने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि समय पर अनुमति आदेश जारी नहीं होने से शिक्षक संवर्ग चिंतित एवं परेशान है। इसी प्रकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शिक्षक संवर्ग द्वारा सीजी टेट 2026 एवं सीटीईटी 2026 परीक्षा हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत कर परीक्षा में सम्मिलित होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सक्ती द्वारा अब तक संयुक्त अनुमति आदेश जारी नहीं किया गया है। फेडरेशन ने यह भी उल्लेख किया कि विगत सात वर्षों से कुछ शिक्षकों के उच्च शिक्षा संबंधी अनुमति आवेदन कार्यालय में लंबित हैं। साथ ही जमीन खरीदी एवं बिक्री के मामलों में कर्मचारी सिविल संहिता के तहत अनिवार्य अनुमति के लिए दिए गए आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं होने से शिक्षकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अन्य मांगें भी शामिल है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राज कुमार धारिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री बिहारी लाल बरेठ, जिला उपाध्यक्ष अमृत रात्रे, जिला महामंत्री देवचरण जाटवर, सक्ती ब्लॉक अध्यक्ष अभिमन्यु बघेल, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सक्ती श्रीमती गायत्री सोनवानी, सुनील कुमार खूंटे, सुरेंद्र बहादुर सिदार, योगेश भारद्वाज, श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती विजय लक्ष्मी कंवर, श्रीमती सुनीता रात्रे, चंद्र कुमार कुर्रे, श्रीमती रूप कुमारी धीरहे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमड़ी के महाकाल मंदिर में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला कल से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिला के ग्राम जमड़ी के महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार 15 फरवरी से गुरुवार 19 फरवरी तक पांच दिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह पांचवां आयोजन है जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ज्ञातव्य है कि जमड़ी के शुक्ला परिवार द्वारा स्व. रामनाथ शुक्ला, स्व. लवकुंवर शुक्ला एवं स्व. रामनारायण शुक्ला की स्मृति में भव्य महाकाल मंदिर का निर्माण कराया गया है। ओडिशा स्थापत्य शैली में निर्मित इस मंदिर में जयपुर के कारीगरों द्वारा बनाई गई भगवान महाकाल सहित शिव परिवार, श्रीराम दरबार एवं राधाकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित है। बिलासपुर संभाग में यह मंदिर बड़ी तेजी से एक पर्यटक और धार्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है तथा हर धार्मिक पर्व पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले इस मेले में दर्शनार्थियों के मनोरंजन और खरीददारी के लिए टूरिंग टॉकिज, मीना बाजार, मौत का कुंआ, मनिहारी, बर्तन और कपड़े के दुकान के साथ ही पारंपरिक छत्तीसगढ़ी पकवानों और फास्ट-फूड के भी स्टाल लगाए जा रहे हैं। मेले के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए ग्रामवासियों द्वारा समिति भी गठित की गई है।

# बच्चों को खिलाई गई फलेरिया की दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फलेरिया की दवा का सफलतापूर्वक सेवन कराया गया।

कार्यक्रम के तहत प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशन में संपन्न हुआ। विभाग की ओर से मितानिन प्रशिक्षक श्रीमती मीना राजपूत, मितानिन श्रीमती गंगा यादव एवं श्रीमती लता राजपूत विद्यालय पहुंची और बच्चों को दवा का सेवन कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग से बचाव, स्वच्छता एवं नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनस्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण निभाते है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ-पितृ सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में शनिवार 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से विद्यालय प्रांगण में मातृ पितृ सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बिर्रा के समाज सेवक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्रांगण में मातृ पितृ सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह करेंगी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती उत्तरा सिदार उपाध्याय जनपद पंचायत बम्हनीडीह , श्रीमती पीली बाई एकादशिया साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा, रितेश रमन सिंह सदस्य जनपद पंचायत बम्हनीडीह, मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाज सेवक बिर्रा आदि होंगे। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्राचार्य श्रीमती सुप्रिया शुक्ला ने सभी लोगों से उपस्थित होने का अपील की है।

# केविके में मनाया गया रेडियो किसान दिवस, प्रगतिशील किसान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा




अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव।

भारत सरकार के कृषि विज्ञान केंद्र के गोद ग्राम बहेराडीह में स्थित किसान स्कूल के संचालक समेत उनके टीम को रेडियो किसान दिवस के अवसर पर आकाशवाणी ने रेडियो भेंट कर सम्मानित किया।

इसके साथ ही आकाशवाणी बिलासपुर द्वारा किसान की बात रेडियो के साथ कार्यक्रम में किसानों की सफलता की कहानी को प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने किसान स्कूल के उदेश्य को लेकर अपना विचार ब्यक्त किया। इससे पूर्व जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे, इंदिरा गाँधी क़ृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार एस एस टूटेजा, आकाशवाणी बिलासपुर के कार्यक्रम प्रमुख डॉ सुप्रिया भारतीयन, केविके प्रमुख वैज्ञानिक डॉ के डी महंत, चिंतामणि बंजारे, आकाशवाणी के महेंद्र साहू, आशीष राठौर और किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने कृषि क्षेत्र में अपना विचार ब्यक्त किया। आकाशवाणी बिलासपुर और केविके के सयुंक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय में आयोजित एग्रीटेक क़ृषि मेला व रेडियो किसान दिवस कृषि विज्ञान केंद्र में मनाई गई, जहां रेडियो से जुडा सशक्त होता हिंदुस्तान उदेश्य को लेकर स्थानीय जिले के प्रगतिशील किसानों समेत बिलासपुर और सक्ति जिले के किसानों को रेडियो भेंट कर मेमोंटो के साथ सम्मानित किया गया। सम्मानित किये जाने वाले प्रगतिशील किसान में सिवनी के कृषक रामाधार देवांगन समेत दुष्यंत सिंह महंत, रोहित साहू मुलमुला, चिंतामणि बंजारे,करही मुंगेली,संदीप तिवारी मेहंदा,आशीष राठौर महंत,बिहान के महिला किसान क़ृषि सखी धनबाई राजन धुरकोट, क़ृषि सखी अनिता चंद्रा चोरभट्ठी जैजैपुर और अन्य किसान शामिल हैं।

# ट्रेड यूनियन के आह्वान पर खदान मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती



श्रम कानून के विरोध में गुरुवार को ट्रेड यूनियन की हड़ताल रही। संयुक्त खदान मजदूर संघ एटक शाखा - खम्हरिया के खदान व क्रेसर में कार्यरत मजदूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए बने श्रम कानून से मजदूरों कर्मचारियों को न्याय पाना संभव नहीं है।

उक्त बातें 12 फरवरी को केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर उनके समर्थन में काम बंद धरना आन्दोलन कर रहे संयुक्त खदान मजदूर संघ एटक शाखा - खम्हरिया के खदान व क्रेसर में कार्यरत मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष कामरेड अनिल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा नीत नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा 21 नवम्बर से अधिसूचित 4 लेबर कोड ( 4 संहिताओं ) के पावस नहीं होने पर मजदूरों कर्मचारियों पर आपत आ जाएगी, नया यूनियन बनाना असंभव होगा, अपनी मांगों के लिए हड़ताल करना मुश्किल होगा, यूनियन को बातचीत का अधिकार नहीं रहेगा , मांग पत्र देने का हक समाप्त होगा। अध्यक्ष कामरेड अनिल शर्मा ने बताया कि पहले हड़ताल अवैध घोषित किया जाता था परन्तु कभी भी किसी को जेल या जुर्माना नहीं होता था पर अब अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जुर्माना और 10 वर्ष तक जेल भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार पूंजीपतियों , औद्योगिक घरानों के चरित्र को जो वे कम लागत में अधिक मुनाफा कमाते हैं उसे 4लेबर कोड के माध्यम से अमल में ला रही है पुराने नियम कानूनों को रौंद रही है इसलिए बलिदानों और संघर्ष से हासिल अधिकारों के लिए अंतिम सांस तक विरोध जारी रखना है। धरना आन्दोलन में शामिलको संबोधित करते हुए कामरेड महंत ने कहा कि आज देश में किसान अपनी कृषि ऊपज की गारंटी का कानून बने के लिए आन्दोलनरत हैं। कामरेड उपेन्द बरेठ, रवि चौहान ने भी अपने विचार रखें । सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। आदोलन में बलराम बरेठ, लकेश्वर चौहान, रवि चौहान, ताराचंद बरेठ, चैतु साहू, मोहन साहू, संजय सिंह, कुलदीप शर्मा, सीताराम बरेठ . इतवारा बाई उरांव, फुलेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में 80 से ज्यादा लोग उपस्थित थे।

# शिव और माता पार्वती का विवाह त्याग और तपस्या का प्रतीक : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर

नंदेली जैजैपुर में चल रहे शिव महापुराण कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा व्यास आचार्य कृष्णा शास्त्री ने शिव महापुराण के अनुसार भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह (शिव-शक्ति मिलन) परम प्रेम, त्याग और तपस्या का प्रतीक है।

- नंदेली में चल रहे शिव महापुराण सुनन बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता



शिव महापुराण कथा सुनाते आचार्य कृष्णा शास्त्री एवं उपस्थित श्रद्धालु।

हिमालय पुत्री पार्वती ने कठोर तप से सती के वियोग में लीन शिव को प्रसन्न किया। यह दिव्य विवाह फाल्गुन मास की चतुर्दशी (महाशिवरात्रि) को हुआ, जिसमें देवता, असुर, भूत-प्रेत, और समस्त जीव शामिल हुए। पार्वती की तपस्या और समर्पणसती के देह त्याग के बाद, भगवान शिव गहरे ध्यान में थे। पार्वती ने शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की, जो उनके निश्छल प्रेम और दृढ़ निश्चय का प्रमाण थी। शिवजी की बारात अन्य विवाहों से भिन्न थी। इसमें देवता, यक्ष, गंधर्व के साथ-साथ भूत, पिशाच, असुर और विभिन्न जीव-जंतु शामिल थे। शिव पशुपति हैं, इसलिए उन्होंने सबको समान रूप से अपनी बारात में स्थान दिया, जो प्रेम की सर्वोच्च अवस्था को दर्शाता है। आचार्य, ईश्वर कृष्ण ने बताया विवाह संस्कार की महिमा धर्म अर्थ काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ को आगे बढ़ाने के लिए दांपत्य जीवन में विशेष महत्व है। हिमालय की पुत्री पार्वती का विवाह शिव के साथ बहुत ही सादगी लेकिन दिव्य रूप में संपन्न हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार, स्वयं ब्रह्मा जी ने पुजारी के रूप में विवाह की रस्में संपन्न कराईं, और विष्णु जी ने पार्वती को विदा किया। पार्वती का कठिन तप यह सिखाता है कि निश्छल मन से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। शिव-पार्वती की कथा सुनने और गाने से वैवाहिक जीवन में प्रेम और मधुरता आती है। शिव और पार्वती का विवाह प्रेम और विश्वास का वह पवित्र बंधन है, जो हर साल महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है और भक्तों को अटूट भक्ति का संदेश देता है। शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में 7351 रुद्राक्षो का शिवलिंग का निर्माण कर प्रत्येक दिन रुद्राभिषेक किया जा रहा है। 16 फरवरी को व्यास पीठ से सभी भक्तों को रुद्राक्ष का प्रसाद स्वरूप निशुल्क वितरण किया जाएगा। शिव पार्वती विवाह में डिगम्बर केवट एवं उनकी धर्मपत्नी फिरवंतीन केवट ने सहयोग किया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

